मत्स्यपालन, पशुपशुपालन और डेयरी मंत्रालय

का योग कार्यक्रम

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम

पीआईबी द्वारा 8 मई 2022 3:35 अप्राह्न को पोस्ट किया गया

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, 21 जून, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2022 की शुरुआत के रूप में 09 मई 2022 को योग काउंट डाउन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है । भारत की स्वतंत्रता के 75 गौरवशाली वर्षों को मनाने के लिए, मत्स्यपालन विभाग द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने का यह एक प्रयास है।

9 मई को गुजरात के पोरबंदर में माननीय श्री परशोत्तम रूपाला, केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा उद्घाटन कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में से यह पहला कार्यक्रम है । इस कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्यपालन सचिव श्री जे.एन. स्वेन के नेतृत्व में विभाग और क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों की एक टीम माननीय मंत्री के साथ होगी। इसके समानांतर, डॉ संजीव कुमार बालियान, माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और डॉ. एल. मुरुगन, माननीय राज्य मंत्री (मत्स्यपालन) क्रमशः वाराणसी, उत्तर प्रदेश और महाबलीपुरम, तमिलनाडु में काउंट डाउन कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे।

मत्स्यपालक किसान, मछुआरे, मात्स्यिकी से संबद्ध उद्योग और नागरिक समाज संगठन एवं मात्स्यिकी पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य हितधारक तथा सरकारी अधिकारी और स्थानीय लोग युवाओं और महिलाओं सहित सहित 1000 से अधिक लोग सभी स्थानों पर काउंट डाउन योग कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे, जबकि कई अन्य लोग वर्चुएअल रूप से शामिल होंगे । 21 जून, 2022 को निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से पहले इस काउंट डाउन कार्यक्रम का उद्देश्य रोजमर्रा की जिंदगी में योग के महत्व पर देश में व्यापक पहुंच बनाना और जागरूकता पैदा करना है और सभी को अपने समग्र विकास एवं निरोग रहने के लिए इसका अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना है। यूनेस्को ने भी योग को अमूर्त विश्व विरासत के रूप में सूचीबद्ध किया है ।